मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः31.01.2025

थाना जिगना साइबर क्राइम टीम द्वारा क्रेडिट कार्ड द्वारा फ्राड की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹ 71,999 को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

आवेदक कृष्ण कुमार विश्वकर्मा (पशु डाक्टर) पुत्र जीतू विश्वकर्मा निवासी बिहसड़ा खुर्द थाना जिगना जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 17.01.2025 को थाना जिगना पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि आनलाईन खरीदारी के दौरान क्रेडिट कार्ड से ₹ 71,999/- की ठगी की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना जिगना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर “सोमेन बर्मा” के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग की विवेचना के दौरान ₹ 71,999/- को होल्ड कराते हुए साइबर क्राइम टीम जिगना द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक खाते में 71,999 रुपये वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना जिगना पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।